अध्याय 9

# स्वच्छ भारत मिशन-2018

# स्वच्छ भारत मिशन

## स्वच्छ भारत मिशन - 2018

श्री नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार ने सर्वव्यापक स्वच्छता सुरक्षा हासिल करने के प्रयासों को तेज करने तथा इस ओर ध्यान केंद्रित करने और सुलभ साफ-सफाई तथा स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने के लिए 2 अक्तूबर, 2014 से स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरूआत की। स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वास्थकर भारत के सपने को पूरा करने के लिए भारत सरकार के महत्वपूर्ण अग्रणी कायक्रमों में से एक है। डीएसआईआर ने डीएसआईआर-स्वच्छता कार्य-योजना के अंतर्गत डीएसआईआर के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सक्रिय सहभागीदारी से कार्यालय परिसर के भीतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

1. माननीय प्रधानमंत्री द्वारा "स्वच्छ भारत" अभियान पर किए गए आह्वान और पेय जल तथा स्वच्छता मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, "स्वच्छता पखवाड़ा, 1-15 मई, 2018" को मनाने के लिए निम्नलिखित गतिविधियां आरंभ की गईं

(I) स्वच्छता पखवाड़े का उदघाटन 1 मई, 2018 को शपथ समारोह के साथ किया गया। कार्यालय परिसरों में स्वच्छता बैनर/रूपरचनाओं का प्रदर्शन किया गया।



चित्र 1 स्वच्छता पखवाड़ा, 2018 के उदघाटन समारोह में स्वच्छता शपथ लेते हुए कार्मिक



चित्र 2 डीएसआईआर कार्यालय परिसरों में सूचनापट्ट पर प्रदर्शित स्वच्छता संबंधी पोस्टर तथा स्लोगन की प्रविष्टियों

डीएसआईआर के सभी कार्मिकों ने श्रमदान में भाग लिया तथा अवांछित फाईलों और रिकार्डों को छांटने, कार्यस्थलों और कार्यालय परिसरों की सफाई करने के लिए सघन साफ-सफाई कार्य किए गए। डीएसआईआर के कर्मियों ने स्वच्छता पर पोस्टर तथा स्लोगन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। पोस्टर तथा स्लोगन की प्रविष्टियों को कार्यालय परिसरों में सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया गया।

(II) **संकलन का विमोचन** : स्वच्छता पखवाड़ा शुरूआत के अंतर्गत, सचिव डीएसआईआर ने "स्वच्छ भारत मिशन के लिए प्रौद्योगिकियों तथा उत्पादों का संकलन" का विमोचन किया जिससे परिमार्जित प्रौद्योगिकीय समाधानों के लिए डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त उद्योगों, अनुसंधान संगठनों तथा सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के प्रयासों को एक ही स्थान पर लाया जा सके। यह स्वच्छता अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए संभावित प्रौद्योगिकियों का संकलन करता है।



चित्र 3 स्वच्छता पखवाड़े के समापन समारोह के दौरान स्वच्छता संकलन का विमोचन करते हुए सचिव, डीएसआईआर

(III) "स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह" के दौरान सेमीनारों का आयोजन किया गया, जिसमें वैज्ञानिकों ने अपशिष्ट प्रबंधन तथा बेहतर पर्यावरण के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अनूठी प्रक्रियाओं तथा हरित प्रौद्योगिकियों के बारे में बताया।



चित्र 4 "स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह" के दौरान तकनीकी सत्र में व्याख्यान देते हुए एक सहभागी

(IV) **अपशिष्ट से धन संबंधी जागरूकता अभियान :** डीएसआईआर के कार्मिकों ने स्कूली बच्चों को जैव-खाद का प्रदर्शन करने तथा बगीचे की मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने में इसकी भूमिका के बारे में बताने के लिए विशेषज्ञों के एक दल के साथ कार्य किया। मैसर्स एक्सल कोर्प केअर लि., नई दिल्ली की सहायता से केंद्रीय विद्यालय, एनसीईआरटी के परिसर में एक लघु जैव-खाद संयंत्र स्थापित किया गया।



चित्र 5 अपशिष्ट से धन संबंधी जागरूकता अभियान में भाग लेते हुए स्कूली बच्चे




चित्र 6 स्वच्छता पखवाड़े के दौरान स्कूली बच्चों को जैव-खाद का प्रदर्शन करते हुए

(V) चित्रकारी प्रतिस्पर्धा: स्कूल में स्वच्छता के विषय पर चित्रकारी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। स्कूल में एक नवप्रवर्तनकारी गैर-प्लास्टिक भियान का आयोजन भी किया गया। स्कूली बच्चों को प्लास्टिक की सामग्रियों के प्रयोग को कम करने, पुन: प्रयोग करने तथा उसे रीसाइकिल करने और स्कूलों तथा स्थानीय जगहों में स्वच्छता संबंधी कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए संवेदनशील बनाया गया।




चित्र 7 स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हुए स्कूली विद्यार्थी

(VI) डीएसआईआर के हितधारकों को 1-15 मई, 2018 के दौरान "स्वच्छता पखवाड़े" मनाने के कार्यों में लगाया गया। डीएसआईआर की वैबसाईट पर सहभागीदारी का आह्वान किया गया। डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त उद्योग की कई अनुसंधान एवं विकास ईकाईयों तथा साइरो ने अपने कार्यालयों तथा आस-पड़ोस के क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी कार्यशालाओं एवं सेमीनारों, पौधा रोपण कार्यों तथा स्वच्छता संबंधी कार्यों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। उन्होंने पड़ोसी स्थानीय जगहों, गावों तथा विद्यालयों में व्यक्तिगत साफ-सफाई और स्वच्छता पर परस्पर जागरूकता अभियानों का भी आयोजन किया।



चित्र 8 (क)



चित्र 8 (ख)



चित्र 8 (ग)



चित्र 8 (घ)

चित्र 8 स्वच्छता पखवाड़े के दौरान विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां करते हुए डीएसआईआर के हितधारक

(VII) आईटी-ईजी प्रभाग ने डीएसआईआर में स्वच्छता पखवाड़े के भाग के रूप में निम्नलिखित गतिविधियों द्वारा स्वच्छता संबंधी क्रियाकलापों में योगदान दिया।

- एंटी-वायरस का अद्यतन।
- अस्थायी फाइलों तथा फोल्डरों की जांच तथा सफाई।
- प्रीफैच के अंतर्गत फाइलों तथा फोल्डरों की जांच तथा सफाई।
- रीसाइकिल्ड बिन के अंतर्गत फाइलों तथा फोल्डरों की जांच तथा सफाई।

इस प्रकार 42 कम्प्यूटरों की वास्तविक जांच तथा अद्यतन द्वारा 32960 एमबी से अधिक के वास्तविक स्थान को पुन: स्थापित किया गया।

2. डीएसआईआर ने क्रियाकलापों की एक श्रृंखला के आयोजन द्वारा 15 सितम्बर, 2018 से 2 अक्तूबर, 2018 के प्रभाव से "स्वच्छता ही सेवा" (एसएचएस)- 2018 पखवाड़ा मनाया जिसमें श्रमदान, पुरानी/लुप्त प्राय: फाइलों/रिकार्डों को निकालना, कमरों/हॉलों तथा आस-पड़ोस के क्षेत्रों इत्यादि की बड़े स्तर पर सफाई सम्मिलित थी। डीएसआईआर के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए नजदीकी स्थलों तथा स्थानीय बाजार तक एक रैली निकाली गई।




चित्र 9 स्वच्छता ही सेवा के संदेश को फैलाते हुए तथा स्थानीय लोगों के साथ बात करते हुए डीएसआईआर के अधिकारी तथा कर्मचारी



चित्र 10 स्वच्छता ही सेवा रैली में भाग लेते हुए डीएसआईआर के अधिकारी एवं स्टाफ के सदस्य